आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# पुलिस का जनशिकायत समाधान कार्यक्रम 18 से फिर शुरू होगा

## 18 मुद्दों पर पुलिस आम लोगों की सुनेगी समस्या और करेगी समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 18 दिसंबर से फिर से शुरू होगा झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम। इसको लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जिले के एसपी, एसएसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आम नागरिकों की शिकायत का त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए सभी जिले में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस संबंध में दुबारा पूर्व में आयोजित स्थान पर 18 दिसंबर को सभी जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बता दें इससे पहले डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरुआत 10 सितंबर 2024 से हुई थी।

- क्षेत्र से गुमशुदा बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और मामला दर्ज करना।
- क्षेत्र में संचालित विभिन्न संस्थाओं में महिलाओं और छात्रों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी को प्राप्त करना।
- आम जनता को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना।
- नये अपराधिक कानून और जीरो एफआइआर के बारे में जानकारी देना।
- आम जनता को डायल 112 के बारे में बताना।
- आम जनता को साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताना।
- कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए घटनाओं की जांच पूर्ण करने और ऐसे संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना।
- क्षेत्र में होने वाले अपराध,



अपराधियों की सूचना ,साइबर अपराध की घटना और अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चीट-फंड की जानकारी प्राप्त करना।

- क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।
- पुलिस थाना और संबंधित कर्मी होमगार्ड व चौकीदार का नागरिकों के साथ व्यवहार और शिकायतों पर उनके रिस्पॉन्स के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।
- नये कोई विशेष मामले जो उस समय संज्ञान में लाये जायेंगे।
- ऐसे क्षेत्र जहां मानव तस्करी की घटना घटती है, वहां पर विशेष रूप से मानव तस्करी के पीड़ित के बारे में जानकारी प्राप्त करना और मानव तस्करी में संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
- ऐसे क्षेत्र जहां पर डायन प्रथा को लेकर अपराध होते हैं, वहां पर विशेष रूप से डायन से संबंधित अपराध के पीड़ित को आवश्यक सहायता देना और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करना।
- ऐसे क्षेत्र जहां पर अफीम की खेती होती है, वहां की जानकारी प्राप्त करेंगे।
- ऐसे क्षेत्र जहां पर ब्राउन शुगर की खपत हो रही है, उसकी जानकारी प्राप्त करना और इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी जुटाना।
- ऐसे क्षेत्र (विशेष कर शहरी क्षेत्र) जहां रात में अड्डाबाजी आदि होती है, उसे चिन्हित करने का प्रयास करेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे की अड्डेबाजी हो रही है तो किसके द्वारा हो रही है और उसको कैसे रोका जाये।
- डीएसपी या उसके ऊपर स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उन शिकायतों पर भी ध्यान देंगे, जहां पर अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो। ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके।
- संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा उपाय यथा सीसीटीवी का लगाना, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन के लिए प्रेरित करना।

# झारखंडी एकता संघ का प्रतिनिधिमंडल दीपिका पांडेय और रवींद्रनाथ से मिला





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी के नेतृत्व में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को लेकर झारखंड की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से रांची में शिष्टाचार मुलाकात की। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दीपिका पांडेय सिंह और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। साथ ही रोजगार के लिए दूसरे राज्य गये झारखंड प्रदेश के प्रवासी मजदूरों को होने वाली परेशानियों और समस्याओं से मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया गया। इस पर झारखंड प्रदेश के ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने भरोसा दिलाया कि प्रवासी मजदूरों को सहित प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाली एकमात्र संस्था झारखंडी एकता संघ को झारखंड सरकार द्वारा हरसंभव मदद की जायेगी।

संघ के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, केंद्रीय सदस्य मुस्तकीम अंसारी, सक्रिय सदस्य डॉ मोइनुद्दीन अंसारी और अमित कुमार आदि शामिल थे।

# गीता में वर्णित श्लोक जीवन को सफल बनाते हैं : स्वामी सदानंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वामी सदानंद महाराज गुरुवार को अपराह्न 1 बजे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदगुरु अपना घर आश्रम पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पहुंचे। गीता जयंती पर स्वामी सदानंद महाराज ने कहा कि गीता में वर्णित श्लोक जीवन को सफल बनाते हैं। अर्जुन को गीता का ज्ञान देकर भगवान कृष्ण ने कर्म योग को पूर्ण रूप से समझाया। वेदों उपनिषद का सार गीता है। गीता के ज्ञान में धर्म के सभी मार्गों को बताया गया है, जिस पर चलकर मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। वेदव्यास द्वारा रचित गीता में 18 अध्याय 700 श्लोक है। गीता महाभारत में भीष्म पर्व का एक अंग है। श्रीमद्भागवत गीता को हिंदू धर्म का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ माना जाता है। गीता में किसी धर्म अथवा जाति विशेष को लेकर वर्णन नहीं है, इसलिए यह सार्वभौम है। गीता यह सिखाती है कि एक व्यक्ति को अपना जीवन कैसे व्यतीत करना चाहिए, उसका व्यक्तित्व कैसा होना चाहिए। जीवन में आने वाले मुश्किलों का सामना कैसे किया जाये। गीता में वर्णित अनेकों महत्व को लोगों में बनाये रखने के लिए एवं प्रेरणा करने हेतु गीता जयंती मनायी जाती है।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पूर्णमल सर्राफ, अरविंद अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, मनीष जालान, सज्जन पाडिया, शिव भगवान अग्रवाल, पवन पोद्दार, ज्ञान प्रकाश शर्मा, गोविंद अग्रवाल, चंद्रदिप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य विद्या देवी अग्रवाल, बिमला जालान, शोभा जालान, सुनीता अग्रवाल, बबीता गुप्ता, उर्मिला पाड़िया, अमिता जालान, शारदा पोद्दार, ललिता पोद्दार उपस्थित थीं। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# डॉ इरफान अंसारी को दी जीत की बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला मोमीन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद के नेतृत्व में कांफ्रेंस के पदाधिकारियों ने धुर्वा स्थित स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवासीय कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें प्रचंड जीत और राज्य में अबुआ सरकार बनाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस क्रम में कांफ्रेंस के पदाधिकारियों ने मंत्री को अल्पसंख्यकों से जुड़े समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री का ध्यान राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के विकास की ओर आकर्षित करते हुए मांग की कि पिछले कार्यकाल में अल्पसंख्यकों से जुड़े विकास से संबंधित लंबित बोर्ड एवं निगमों का गठन करें। मदरसा बोर्ड, उर्दू भाषा के विकास एवं बुनियादी तथा कल्याणकारी योजनाओं में मुस्लिम अल्पसंख्यकों को सरकार प्राथमिकता के तौर पर लागू करे। मिलनेवालों में प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता जफर इमाम, शाकिर इस्लाही, खुर्शीद अंसारी, अफरोज आलम, तारिक आलम, अख़्तर हुसैन, सफीउल मजीद, अब्दुल अजीज, इरफान अंसारी, शाहिद पप्पू, मकबूल अंसारी, हाशिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सलीम अंसारी आदि शामिल थे।

# अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति के प्रमुख पदाधिकारी की बैठक गुरुवार को धुर्वा रांची में अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे।

बैठक में जीते हुए विधाकों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की गयी कि अमर कुमार बाउरी की तरह ही वर्तमान जनप्रतिनिधि अनुसूचित जाति के राज्य में हक-अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेंगे। साथ ही वर्षो से खाली अनुसूचित जाति आयोग को पूर्ण गठन एवं अनुसूचित जाति सहकारिता विभाग निगम को धरदार बनायेंगे तथा राज्य में अनुसूचित जाति के छात्र-छत्राओं के लिए छात्रवास, अवासीय विद्यालय व सरल प्रक्रिया के तहत जाति, अवासीय, आदि प्रमाण पत्र सरकार से निर्गत करायेंगे।

बैठक में समाज को एकजुटता के साथ आधिकार के लिए संघर्ष पर चर्चा करते हुए अमर कुमार बाउरी ने कहा कि लोकतंत्र में हार जीत लगी रहती है। हम सभी दुगनी ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगे। समाज एवं आवाम के हक-अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उपेंद्र रजक, प्रभात भुईयां, कमलेश राम, योगेंद्र लाल, युवराज पासवान, विकास रबि, गोबिंदा वाल्मिकी, सत्येंद्र रजक, संतोष रबि,करण नायक आदि ने कहा कि आनुसूचित जाति समाज राजनीति के साथ-साथ हर क्षेत्र अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में आपना भगदारी सुनिश्चित के लिए संधर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द समाज का महाजुटान होगा, जिसमें सभी लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में राजीव लाल, संजय राम, विनोद पासवान करण नायक, सतेन्द्र रजक, गोविंदा वाल्मिकी, दिलीप राम समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एमएसएमइ कैंप का किया आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा शुक्रवार को मेपल वुड में एमएसएमइ कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित उद्यमियों और बैंक के सम्मानित ग्राहकों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय से महाप्रबंधक जीएन दास, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। कार्यक्रम का आयोजन अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह की अध्यक्षता और क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार और उप अंचल प्रमुख शशिकांत के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने विभिन्न एमएसएमइ उत्पादों के तहत मिलने वाले लाभ के विषय में ग्राहकों को अवगत कराने के उद्देश्य से शहर के प्रतिष्ठित उद्यमियों और बैंक ग्राहकों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जीएन दास, महाप्रबंधक ने ग्राहकों को संबोधन में विभिन्न एमएसएमइ उत्पादों की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए इसके महत्व को साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों के साथ प्रश्नोत्तरी हेतु ओपेन फोरम डिस्कशन के माध्यम से उनकी आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं पर भी चर्चा की गयी। बैंक के उपस्थित कार्यपालक गणों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों को कुल 82 करोड़ की अनुमोदित ऋण पत्रों का भी वितरण किया गया। यूनियन बैंक की एमएसएमइ सुविधाओं से लाभान्वित कुछ ग्राहकों द्वारा अपनी सफलता की कहानी भी साझा की गयी।

# निशिकांत दुबे को हाइकोर्ट से मिली राहत




रांची (आजाद सिपाही)। किसी व्यक्ति के घर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का झंडा हटा कर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगाने से संबंधित मामले में सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाइकोर्ट से राहत मिली है। झामुमो का झंडा हटा कर बीजेपी का झंडा लगाने से संबंधित देवघर के बुधई थाना में दर्ज प्राथमिकी एवं इससे संबंधित दुमका की निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही को झारखंड हाइकोर्ट ने निरस्त कर दिया। हाइकोर्ट ने निशिकांत दुबे की याचिका को स्वीकृत कर लिया। साथ ही मामले को निष्पादित कर दिया। आरोप है कि वर्ष 2021 में सांसद निशिकांत दुबे ने जितेंद्र प्रसाद वर्णवाल एवं रविंद्र प्रसाद वर्णवाल के घर पर लगे झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के झंडे को हटा दिया था, साथ ही उन्होंने उस घर में भाजपा का झंडा लगा दिया था, जिसे लेकर झामुमो कार्यकर्ता गुलाम मुहिबुल अजमानी ने देवघर के बुधई थाना में कांड संख्या 30/ 2021 दर्ज कराया था। सांसद निशिकांत दुबे की ओर से इससे संबंधित प्राथमिकी एवं मामले में दुमका की निचली अदालत में चल रही कार्यवाही को निरस्त करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया गया था।

# आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 7 जनवरी से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पहली बार पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान में आगामी सात जनवरी 2025 से 12 जनवरी तक 6 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कोयलांचल धनबाद के शंभू धर्मशाला एवं अग्रेसन भवन मे किया जा रहा है। इस शिविर में देश के विभिन्न स्थानों से कई प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे। शिविर का मुख्य मार्गदर्शन पुण्य तीर्थ आंवल खेड़ा, मथुरा गायत्री परिवार का रहेगा। शिविर का उद्देश्य आहार, जीवन शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा शैलियों के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना है। शिविर में खाने पीने तथा ठहरने की सभी समुचित व्यवस्था रहेगी। खाना पूर्ण रूप से शुद्ध, सात्विक बनाने की व्यवस्था की जा रही है। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस शिविर मे प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार किया जायेगा। शिविर में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस शिविर में चिकित्सा हेतु कुल 80 महिला एवं पुरुषों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। प्रतिदिन ओपीडी की भी व्यवस्था रखी गयी है। बाकी लोग ओपीडी के माध्यम से लाभ ले सकेंगे, जो निःशुल्क रहेगा। शिविर के प्रेरणा के मुख्य स्रोत संस्था के संयोजक अजय भरतिया है।

झारखंड के धनबाद में ऐसा कैंप पहली बार लगने जा रहा है। जो लोगों में आरोग्य के प्रति जागरूकता पैदा करेगा। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई महीनों से अपने आरोग्य अभियान के माध्यम से स्कूलों व कालेजों मे भी बच्चों को खान-पान एवं दिनचर्या को ठीक करते आरोग्य के प्रति जागरूक कर रहा है। इस कार्यक्रम में पवित्रम मातृशक्ति के अलावे कई अन्य संस्थाएं मारवाड़ी युवा मंच, भारत विकास परिषद, चैंबर ऑफ कॉमर्स, भी सहयोग कर रही है। कार्यक्रम में चिकित्सा लाभ लेने के लिए कोलकाता, हावड़ा, जमशेदपुर, रांची, आसनसोल, दुगार्पुर आदि सभी स्थानों से लोग आ रहे हैं। हरियाणा से भी दो लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। रांची में संजय सर्राफ- फोन 8271790 800 से संपर्क कर शिविर हेतु रांची के लोग रजिस्ट्रेशन 20 दिसंबर तक करवा सकते हैं।

# युवाओं के लिए एक वार्षिक समारोह है युवा महोत्सव स्पंदन : डॉ तपन शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे तीन दिवसीय युवा महोत्सव, स्पंदन की शुरुआत हुई। उद्घाटन और अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस युवा महोत्सव का उदेश्य एक साझा मंच पर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करके विद्यार्थियों में सदभाव, अविश्वास और सृजनशीलता की अवधारणाओं को विकसित करना है। इस तीन दिवसीय महोत्सव में युवा इन गतिविधियों के माध्यम से अपनी भावना को प्रदर्शित कर अपनी अभिव्यक्ति को सांस्कृतिक प्रतिभा के द्वारा प्रदर्शित कर सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए कहा कि आप युवा पीढ़ी में दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास ही आपको मंजिल तक पहुंचायेगी। संगठन और कर्म की भावना हर किसी विद्यार्थी में होनी चाहिए, तभी वह व्यक्तित्व का विकास कर राष्ट्र का विकास कर सकता है। इसके पूर्व द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर डॉ सर्वोत्तम कुमार ने युवा महोत्सव के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण और अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि 2018 से अब तक के युवा महोत्सव का अनुभव यह दर्शाता है कि इन युवा महोत्सव के माध्यम से सफल विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान स्थापित की है।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के समाजशास्त्री प्रो एसएन चौधरी ने विश्वविद्यालय के अपने पूर्व युवा महोत्सव के अनुभवों को उपस्थित विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि यह युवा महोत्सव विद्यार्थियों के आंतरिक सृजन को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रहले दिन रंगोली प्रतियोगिता में 6, पोस्टर मेकिंग में 35, क्विज में 38, मेहंदी प्रतियोगिता में 24 और ऑन स्पॉट पेंटिंग में 27 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को दर्शाया। उद्घाटन सत्र में मंच संचालन मनीष मिश्रा और विनय भरत ने किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी। आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का थीम था लोक कला एवं संस्कृति। इसमें कुल 6 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता डिजिटल इंडिया, एक नया क्षितिज थीम पर आधारित थी। इसमें कुल 35 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्शायी। इन प्रतियोगिताओं के संचालन में डॉ विद्यान कुमारी, डॉ अभय कृष्ण सिंह,नमिता लाल, डॉ शमा सोनाली, डॉ आभा झा, डॉ किरण झा, डॉ एकता समेतई कई अन्य लोग शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री श्याम बाबा को खीर-चूरमा का भोग लगा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान विनय जोशी अपने पूरे परिवार पुष्पा जोशी, ओम प्रकाश जोशी, प्रकाश जोशी, आनंद जोशी, पूनम जोशी, नैना जोशी के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं जोशी परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। साथ ही श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आये हुए भक्तजनों को शुद्ध पेयजल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था की गयी थी। खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 350 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, अरुण धनुका, अमित जलान, प्रदीप अग्रवाल, विकास पाड़िया, विवेक ढांढनियां, सुमित पोद्दार, नितेश लखोटिया, ज्ञान प्रकाश बागला, ज्योति पोद्दार का सहयोग सराहनीय रहा।

### सिद्धेश श्रीपद नायक को दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनने पर सिद्धेश श्रीपद नायक को स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पदाधिकारियों ने बधाई दी। एसोसिएशन के डॉ राजेश गुप्ता, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, लाल मनीष नाथ शाहदेव, मो आमिर, परवाज खान, रफिया नाज, दयाराम मेहर, रोहित यादव, कीर्ति कुमार ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। इस अवसर पर स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के वेदांत कौस्तव ने कहा कि सिद्धेश श्रीपद नायक के नेतृत्व में स्कॉय मार्शल आर्ट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नयी पहचान मिलेगी। उनका अनुभव और नेतृत्व कौशल इस खेल के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। झारखंड के सभी खिलाड़ी और अधिकारी उनके साथ हैं और उनके नेतृत्व में स्कॉय के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने विश्वास जताया है कि सिद्धेश श्रीपद नायक के नेतृत्व में स्कॉय मार्शल आर्ट देशभर में एक मजबूत आधार स्थापित करेगा और खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करेगा।

### डीसी ने समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये निर्देश

# मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर क्षेत्रों में अधिकारी लगातार अभियान चलायें : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी लोकेश मिश्रा ने सभी बीडीओ और सीओ को मादक द्रव्यों के नियंत्रण के लिए व्यापक भियान चलाने का निर्देश दिया। गुरुवार को खूंटी जिले में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए डीसी ने आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर सभी बीडीओ व सीओ के साथ संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बीडीओ और सीओ को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारियों को लोगों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया। इसस दौरान डीसी ने छापामारी एवं अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। कहा कि हमें नशा मुक्ति अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाते हुए निरंतर कार्रवाई जारी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में आवश्यक रूप से छापामारी अभियान चलाया जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एफआइआर और विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।


समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी आलोक मिश्रा।

## धान अधिप्राप्ति के लिए लैंपस और पैक्स को 15 दिसंबर से सक्रिय करें

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में गुरुवार को डीसी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति योजना की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति को लेकर लैम्प्स केंद्र एवं पैक्स केंद्र को 15 दिसंबर से सक्रिय कर किसानों से धान अधिप्राप्ति करने का निर्देश दिया गया। राज्य स्तर से धान अधिप्राप्ति के लिए खूंटी जिले को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत किसानों से धान अधिप्राप्ति का निर्देश दिया गया। कृषकों से धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित पर पंचायत स्तर पर कृषकों को धान अधिप्राप्ति के लिए पंजीकृत करने का निर्देश दिया। लगे हाथ कृषकों को बिचौलियों से सावधान रहने को लेकर उन्हें जागरूक करने को कहा गया। बैठक में उपस्थित राइस मिल को लैम्प केंद्र एवं पैक्स केंद्र से धान का ससमय उठाव को लेकर निर्देशित किया गया।

## आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण को लेकर महाअभियान 18 से

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के लिए 18 से 25 दिसंबर तक विशेष महा अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर डीसी लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने सभी बीडीओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे इस अभियान के दौरान लोगों को आयुष्मान भारत योजना के लाभ की जानकारी दें और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाना है। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थी पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकते हैं। जिले के अच्छे निजी अस्पतालों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने के लिए टैग करने का निर्देश दिया गया, जिससे आमजनों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण के लिए लाभुकों को आवश्यक दस्तावेज यथा राशनकार्ड एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। राशनकार्ड एवं आधार कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर इसके सुधार के लिए प्रखंडो में वन स्टॉप सेंटर की भी व्यवस्था की गई है, जहां लोग अपने राशनकार्ड और आधार कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार करा सकेंगे। बैठक में डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



## आजसू को मजबूत बनायें और सदस्यता बढ़ायें : सुदेश महतो


सुदेश महतो से मुलाकात करते पिपरवार के कार्यकर्ता।

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आजसू के पिपरवार नगर कमेटी के सदस्यों ने गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। आजसू के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ता पार्टी सुप्रीमो से मिले। इस दौरान पार्टी से संबंधित कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मुलाकात के दौरान झारखंड में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव से संबंधित बातों की भी समीक्षा की गई। सुदेश महतो ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत बनाने व सदस्यता बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर कई प्रकार की जानकारी दी। इस मुलाकात के दौरान पिपरवार नगर कमेटी की ओर से नव वर्ष में बचरा में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आमंत्रित करने की अपील की। इस पर सुदेश महतो ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर बिगन नोनिया, दयानंद साहू, राहुल कुमार, संजय कुमार महतो आदि शामिल थे।

## समस्याओं को लेकर जमसं प्रतिनिधि ने की विधायक रागिनी सिंह से मुलाकात



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ (जमसं) के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने गुरुवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बधाई देने के साथ ही बुके, शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कोयला क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठित एवं असंगठित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक से विस्तृत चर्चा की। साथ ही चुनाव के समय सीसीएल के संघ से जुड़े लोग महामंत्री सिद्धर्थ गौतम के नेतृत्व में झरिया में कैसे और कहां जीत के लिए काम कर रहे थे, इससे उन्हें अवगत कराया। इस दौरान विधायक रागिनी सिंह ने कोयला क्षेत्र में काम कर रहे संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की समस्या से संबंधित कई बातों पर चर्चा की। इस पर विधायक रागिनी सिंह ने चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर यूनियन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह, रविप्रकाश सिंह, पंकज सिंह, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

## पांच परगना में पड़ रही कड़ाके की ठंड, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पूरे पांच परगना क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले दो दिनों से ठंड का प्रकोप अधिक बढ़ गया है। सुबह-शाम लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गये हैं। सुबह आठ बजे के बाद ही तेज धूप निकल रही है। जबकि शाम को चार बजते ही अंधेरा छा जा रहा है। मौसम में आये आचानक बदलाव के कारण बच्चे-बुढ़े और नौजवान सर्दी खांसी से ग्रस्त हो रहे हैं। बीमार लोग कापी परेशान हैं। ठंडी व तेज हवाएं सुबह-शाम चलने के कारण कनकनी बढ़ गई है। लोग अपने-अपने घरों में अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## आम्रेश्वर धाम में मुनिनाथ मिश्रा को दी गयी श्रद्धांजलि

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन कर बाबा मागेश्वर घाम प्रबंध समिति के वरीय उपाध्यक्ष मुनिनाथ मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। उनके निधन पर समिति के सदस्यों ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मुनिनाथ मिश्रा का जाना दुःखद घटना है। इस कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने कहा कि मुनिनाथ मिश्रा समिति के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने समिति के लिए बहुत ही उपयोगी कार्य किये। खास कर यहां के मंदिरों और परिसर के विकास को गति प्रदान करने में उनका हमेशा बहुमूल्य योगदान रहा है। महामंत्री मनोज कुमार ने कहा कि मुनिनाथ मिश्रा पितातुल्य थे और समिति के सभी सदस्यों का हमेशा ख्याल रखते थे। इस मौके पर प्रेमचंद महतो, महेंद्र अग्रवाल, महेंद्र कश्यप, जगदीश नाग, महेंद्र प्रसाद भगत, संतोष पोद्दार, श्रीपाल चंद जैन, जगदीश मिश्रा, परिमल चंद्र घोष, केशरी कश्यप, प्रदीप कुमार, सत्यजीत कुंडू ने भी मुनिनाथ मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## रैयत विस्थापित व सीसीएल प्रबंधन के बीच वार्ता आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में क्षेत्र के रैयत विस्थापित ग्रामीणों की ओर से सीसीएल पिपरवार प्रबंधन को सौंपे गए मांग पत्र के आलोक में शुक्रवार को महाप्रबंधक कार्यालय वार्ता होगी। इसकी जानकारी कांग्रेस के चतरा जिला उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि तीन दिसंबर को पिपरवार प्रबंधन को ज्ञापन देकर क्षेत्र के विस्थापित बेरोजगारों को निजी कंपनियों में रोजगार देने और क्षेत्र की ज्वलंत समस्या के समाधान की मांग की गई थी।

## नक्सलियों-अपराधियों का सेंदरा ना करें ग्रामीण, पकड़ कर पुलिस को सौंपे : एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार के नेतृत्व में रानिया थाना अंतर्गत खटखुरा पंचयात के केनबांकी गांव और चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ताम्बा गांव में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें खटखुरा की मुखिया मंजू सुरीन, केनबांकी के ग्रामप्रधान सोमा मुंडा, वार्ड सदस्य एवं सुषमा डहंगा मुखिया, ताम्बा पंचायत, दोनों गांव के अन्य ग्रामप्रधान और ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में देश के कानूनी प्रावधान व कानूनी कार्रवाई के बारे जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल-उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अपराधियों और उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने और उग्रवादी, अपराधी और नक्सलियां की जानकारी देने के साथ ही उन्हें पकड़कर थाना या वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने की अपील की। अफीम, पोस्ता, गांजा आदि मादक पदार्थो की खेती नहीं करने, उससे होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, पुलिस से मदद पाने के लिए डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए आमजनां से सुझाव लिये गये और उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए समाधान का प्रयास किया गया। बैठक में क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल और रानिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल उपस्थित थे।



## अड़की में ग्रामवासियों की बैठक, जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोचांग पंचायत के तुंटू ग्राम में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल भी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल जैसी आधारभूत समस्याओं के अलावा मंईयां सम्मान योजना, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं वृद्धा पेंशन को लेकर चर्चा की। ग्रामीणों ने इन समस्याओं के समाधान को लेकर विधायक प्रतिनिधि को आवेदन सौंपा। बैठक में अजय मुंडा, मनबोध मुंडा, जाबोर मुंडा, अबराम सोए, सतरी चुटिया पूर्ति, एतवा प्रधान, सुखराम मुंडा समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर इन मुद्दों को शीघ्र हल करने की अपील की। वहीं, विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान के लिए विधायक विकास कुमार मुंडा के संज्ञान में लाया जाएगा।

## बिना रजिस्ट्रेशन के ही चल रहे प्रखंड व अंचल अधिकारियों के वाहन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चलाने पर प्रशासन की ओर से आम लोगों से तुरंत जुर्माना वसूल लिया जाता है। पर प्रखंड और अंचल के पदाधिकारी के वाहन खुद बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। उन लोगों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बिना रजिस्ट्रेशन से किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर ना तो कोई कार्रवाई की जा सकती है और ना ही पीड़ित व्यक्ति को मदद मिल सकती है। वहीं, लोगों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने लिए बुंडू में कोई नियम-कानून नहीं है। वे खुद अपनी मर्जी से जैसा चाहें वैसा करते रहते हैं। उन्हे रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है।




## रात आठ से सुबह छह बजे तक ही करें फ्लाई ऐश का परिवहन : प्रशासन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** फ्लाई ऐश के असुरक्षित परिवहन को लेकर खलारी कांग्रेस के हस्तक्षेप के बाद खलारी प्रशासन सजग हो गया है। बतातें चलें कि बुधवार को कांग्रेस नेता राजेशसिंह मिंटू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व व्यवसायियों ने केडी बाजार में फ्लाई ऐश लदे ट्रकों को रोक खलारी सीओ को आम जनता की परेशानी से अवगत कराया था। इसके बाद गुरुवार को खलारी अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट व थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने खलारी की सीमा पर ही फ्लाई ऐश लदे हाइवा ट्रकों को रोक लिया। सभी वाहनों के संबंधित कागजात जांच किए गए। वाहन के कागजात थे पर फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित नहीं था। सीओ ने फ्लाई ऐष ढुलाई कराने वाले ट्रांस्पोर्टर से बात की। कहा कि यह सुनिश्चित करें कि परिवहन के दौरान एक भी फ्लाई ऐश सड़क पर ना गिरे। सघन आबादी वाले क्षेत्र के बीच से परिवहन किए जाने के कारण कहा कि दिन में खलारी होकर फ्लाई ऐश का परिवहन ना किया जाय। निर्देश दिया कि रात आठ बजे से सुबह छह बजे के बीच की फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन करें। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेशसिंह मिंटू, खलारी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष अनिल पासवान, तनवीर आलम, पप्पू सिंह भी साथ थे।

## खूंटी के लतरातू जलाशय में उमड़ रहा सैलानियों का सैलाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती खूंटी को प्राकृतिक सौंदर्य के रूप में कई सौगातें मिली हैं। जो शायद ही झारखंड के किसी अन्य जिले में नजर आती हो। पेरवांघाघ, पंचघाघ, रानी फॉल, सप्तधारा, उलूंग, पांडूपुड़िंग, रिमिक्स फॉल सहित कई प्राकृतिक पर्यटन स्थल खूंटी जिले में आकर्षण का केंद्र हैं। वहीं लतरातू जलाशय, रेमता जलाशय, बिरसा मृग विहार जैसे मानव निर्मित पर्यटन केंद्र हमेशा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। वहीं बाबा आम्रेश्वर धामए नकटी देवी माता सोनमेर मदिर सहित कई धार्मिक स्थल भी युगों से लोगों के लिए आस्था के केंद्र रहे हैं। खूंटी जिले के लतरातू डैम हालके दिनों के दिनों में सैलानियों के लिए बड़े आकर्षण केंद्र के रूप में उभरा है। लतरातू डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरताए शांत वातावरण और मनोरम दृश्य के लिए लोकप्रिय है। समय के साथ इसे पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए और भी आकर्षक बनाया जा रहा है। लतरातू डैम के चारों ओर हरे-भरे जंगल, साफ-सुथरी झील और पक्षियों की चहचहाहट इसे एक आदर्श पिकनिक स्थल बनाते हैं। यहां आकर सैलानी बोटिंग समेत अन्य मनोरंजक चीजों का भी आनंद ले सकते है।



### प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा लतरातू डैम : लोकेश मिश्रा

लतरातू जलाश के संबंध में खूंटी के डीसी लोकश मिश्रा ने कहा कि यह काफी आकर्षक है। यहा सालों भर प्रकृति प्रेमियों और सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। विशेषकर नवंबर से लेकर फरवरी महीने तक यहां सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से लतरातू डैम को एक प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्थल के रूप में विकसित करने की पहल की गई है। लतरातू जलाशय के विकास के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। डीसी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि लतरातू डैम घूमने के लिए आनेवाले पर्यटक एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करें और इस क्षेत्र की सुंदरता और संस्कृति का आनंद लें। साथ ही उन्होंने पर्यटकों से अपील की कि डैम क्षेत्र में सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। प्रकृति की सुंदरता को संरक्षित करने के लिए कचरा ना फैलाएं और पिकनिक के दौरान डैम के निकट सतर्कता बरतें।

## पुलिस ने 8.5 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के ग्रामीण इलाकों में हो रही अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को पुलिस ने खूंटी, सायको, अड़की, मारंगहादा और मुरहू थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर 8.5 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि खूंटी थाना के ग्राम मारंगहातू में एक एकड़, सायको थाना क्षेत्र के ग्राम ओतोंगओड़ा में तीन एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम डेव में एक एकड़, अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम भुरुसुडीह में दो एकड़ और मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम केवड़ा में 1.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम खेती को नष्ट किया गया। पुलिस ने बुधवार को भी विभिन्न इलाकों में अभियान चलकर नौ एकड़ खेत में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया था। ज्ञात हो कि मंगलवार को दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने खूंटी थाना परिसर में जिले के वरीय और कनीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर अफीम की खेती के खिलाफ लगातार और व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि जिस थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती होगीए वहां के थानेदार के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



# पीएलएफआइ के नाम पर व्यापारियों से रंगदारी वसूलने वाले दो गिरफ्तार

## पोस्टरबाजी कर विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने की धमकी देने की बात भी स्वीकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान पीएलएफआई के नाम पर गुमला रोड-बेड़ो में पोस्टरबाजी कर चुनाव के बहिष्कार की धमकी देने और बेड़ो के करीब 10 व्यवसायियों से रंगदारी मांगने के मामले का उद्‌बेदन करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी नकुल साह ने संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी। बताया कि बेड़ो में पोस्टरबाजी कर चुनाव बहिष्कार की धमकी और व्यवसायियों से पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद धर पकड़ को लेकर थाना प्रभारी नकुल साह के नेतृत्व में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच थाना प्रभारी नकुल साह ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बेड़ो के हुंटार गांव निवासी सुमित उरांव उर्फ बारला उरांव व पलामू जिले के चैनपुर थाना के शाहपुर गांव निवासी पंकज कुमार को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों अपराधियों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। साथ ही पुलिस को इस संदर्भ में कई अहम जानकारी भी दी है। इधर, बेड़ो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस कांड में संलिप्त शेष अपराधियों की धर पकड़ को लेकर पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। वहीं छापामारी एसआई नंदू पैरा व एएसआई निरंजन तिवारी समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।





पीएलएपआइ के नाम पर रंगदारी वसूली के आरोप में पकड़े गये युवक व नक्सली झंडा उतरती पुलिस की फाइल फोटो।

## 400 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को जिला कल्याण विभाग की ओर से 13 स्कूलों के 400 छात्रों-छात्राओं के बीच कल्याण पदाधिकारी करमु कांडिल की देखरेख में प्रमुख विनीता कच्छप, बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज और कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव ने साइकिल का वितरित किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में सुविधा होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे, यही सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, जेई सदाम अंसारी, देव राम, सुशांत मिश्रा आदि थे।

## मनरेगा से संबंधित प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रखंडस्तरीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में बेड़ो, तुतलो, करकरी, हरिहरपुर जामटोली, नेहालू कपरिया, खुखरा, जरिया व डोरंडा पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत वीएलई शामिल हुए। पंचायती राज के मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार और पंकज ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। जहां मनरेगा से संबंधित 27 सेवाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जॉब कार्ड के आवेदन, पंजियन, जॉब कार्ड निर्गत और रोजगार का हिसाब रहता है। ग्राम सभा की बैठक, समाजिक अंकेक्षण, काम का डिमांड कार्य की अवधी और मजदूरी भुगतान, परिसंपत्ति निर्माण का रिकर्ड, मनरेगा योजना से फायदा, मनरेगा से संबंधित शिकायत और मेटरियल के हिसाब के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, पंचायती राज के सदाम अंसारी, मुखिया सुशांति भगत, सरिता एक्का, गंगी कुमारी, लक्ष्मी कोया, कुआंरी खलखो, जतरू उरांव, महाबीर उरांव, पंचायत वीएलई तबरेज अंसारी, अतीक अंसारी, श्रीकांत शर्मा, हेमंत कुमार, सबिता कुमारी, सुशिल कच्छप, देवेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, पंचायत सेवक सनिका नाग, अमित केरकेट्टा, जनार्दन आदि उपस्थित थे।

## आतिश स्पोर्टिंग फाइनल में, बैडमिंटन के विजेता पुरस्कृत



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** फुटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 19वें दिन सेमी फाइनल मैच में आतिश स्पोर्टिंग तुरुप की टीम ने जेकेएसएस एफसी की टीम को पेनाल्टी शूटआउट 5-4 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के 12वें मिनट में आतिश स्पोर्टिंग की टीम से 5 नंबर की जर्सी से खेल रहे सूरज रंजन ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पर जेकेएसएस की टीम ने शानदार वापसी करते हुए 10 नम्बर की जर्सी से खेल रहे राज ने 35वें मिनट में गोल कर 1-1 बराबरी पर ला दिया। मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउटसे हुआ और 5-4 से आतिश स्पोर्टिंग तुरुप की टीम विजयी रही। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार आतिश स्पोर्टिंग के गोलकीपर रितेश नायक को दिया गया। वहीं, बैडमिंटन सिंगल सिनियर बालक वर्ग सनी मुंडा विजेता, शिवकुमार करमाली उपविजेता, बैडमिंटन डबल नामित ग्रुप विजेता, सनी मुंडा ग्रुप उपविजेता, सब जूनियर बैडमिंटन सिंगल रुद्र नारायण करमाली विजेता, उप विजेता मयंक कुमार सभी विजेता खिलाड़ियों को ओरमांझी पूर्व जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, भाजपा नेता देवराज सिंह, अमिताभ धीरज, विधायक प्रतिनिधी अजगूत करमाली, मो फारुख खान ने पदक, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि जनकल्याण समर्पण संस्थान ने इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने कार्य कर रही हैं। संस्थान के हर खेल कार्यक्रमों में आकर सुखद अनुभूति मिलती है। वहीं, पौधारोपण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी। इसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, तुलसी सोनार, संजय कुमार, संदीप कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, माघु करमाली, निर्णायक मंडली के विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, प्रदीप कुमार, अक्षय रजवार, अजीत कुमार, उमाकांत शुक्ला, मिथिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बालू का टेंडर कर लोगों को सस्ता-सुलभ बालू मुहैया कराये सरकार: मुस्तफा अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सपा के प्रदेश मुख्य महासचिव मुस्तफा अंसारी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से बालू का टेंडर कर आमजनों को सस्ता और सुलभ तरीके से बालू उपलब्ध कराने की मांग की है। कहा कि इस समय बालू को लेकर राज्यभर में हाहाकार मचा हुआ है। जनता त्राहिमाम कर रही है। बालू खनन और अवैध परिवहन पर माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। यही वजह है कि हर दिन मनमाने ढंग से बालू के दाम बढ़ रहे हैं। जरूरतमंद कालाबाजार से बालू लेने में मजबूर हैं। किल्लत के बीच मनमाने कीमत पर बिक रही बालू के कारण निर्माण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सरकारी निर्माण के साथ ही आम लोग जो घर बनाने के लिए बालू खरीदना चाह रहे हैं। उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बालू के अवैध करोबार में दलाल और माफियाओं की मिलीभगत का खामियाजा आम जनता उठा रही है। आज हालत यह है कि प्रति हाईवा बालू 50 हजार और एक ट्रैक्टर बालू 7 से 8 हजार रुपये तक बिक रहे है। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि निर्माण कार्य सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। झारखंड में लाखों मजदूर और कारीगर इस क्षेत्र से जुड़े हैं। बालू संकट के कारण मजदूरों का रोजगार छीन गया है। इसका असर सरकारी निर्माण कार्य पर भी पड़ा है। बालू के अभाव में अबुआ आवास और पीएम आवास योजना का निमार्ण कार्य भी बाधित हो गया है। इधर, सरकार द्वारा 19 बालू घाटों का टेंडर कर नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा का स्वागत किया है।

## महादेव टंगरा समिति ने कंबल वितरित किया



**रातू (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रखंड के महादेव टंगरा समिति के तत्वधान में गुरुवार को सैकड़ो असहाय, वृद्ध व गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। महादेव टंगरा विकास समिति की ओर से मंदिर प्रांगण में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कंबल वितरण में समारोह में आसपास के गांव गुड्ढ, बिजुलिया, अगड़ू, जामुनटोली, गरियाटोली, तिगरा ,टिकराटोली, बाजपुर, हिसरी, भोंडा, गडरी के वृद्ध, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंद लोग कंबल लेने पहुंचे थे। देर शाम तक कंबल वितरण कार्य चलता रहा। कंबल वितरण में समाजसेवी ओम प्रकाश तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लगभग 300 लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि आगे भी अन्य जगहों पर कार्यक्रम कर लोगों के बीच कंबल बांटा जायेगा। कहा कि समाज में गरीबों की सेवा व सहयोग ही सबसे बड़ी पूजा है। इस मौके पर महादेव टंगरा विकाश समिति के संरक्षक रामनन्दन महतो, कामेश्वर महतो, रमेश महतो, अध्यक्ष कुशवाहा शिवचरण मेहता, सचिव संतोष महतो के अलावे समिति के पदाधिकारी में विकाश कुमार, पंचम महतो, सुरेंद्र महतो, सूरज साव, मुखिया अनिल उरांव, अणिमा तिग्गा, रौनक चौधरी, विक्की गोप, राजीव चौरसिया, शिव प्रजापति, प्रेम कुमार और रिकेश कुमार उपस्थित थे।

# जीवन की प्रारंभिक अवस्था में ही लक्ष्य निर्धारित करने से मिलती है सफलता: सैयद रियाज अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** जीवन में सफलता पाने के लिए हमें अपनी प्रारंभिक आयु में ही अपने लक्ष्य तय कर लेना चाहिए। ताकि हम अपने जीवन को एक स्पष्ट दिशा और उद्देश्य दे सके। प्रारंभिक आयु में हमें अपने सपनों, आकांक्षाओं और इच्छाओं को पहचानने का समय मिलता है इसे स्पष्ट रूप से लक्ष्य में बदलने से हम अपने प्रयासों को सही दिशा में केंद्रित कर सकते है। उक्त बातें गुरुवार को झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निदेशक टेक्निकल उच्च सैयद रियाज अहमद ने तकनीकी विभाग ने छात्रों की बीच में कही। समारोह में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, बेसिक कंप्यूटर एंड इंटरनेट विथ फोटोशॉप के 25 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इससे पूर्व टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उसके बाद उन्हें टूल रूम का भ्रमण कराया। मुख्य अतिथि ने टूल रूम में मौजूद संसाधनों की तारीफ की। कहा कि हमारे शहर में ऐसे संस्थान का होना गर्व की बात है। टूल रूम के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रमाणपत्र उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो व समापन भाषण वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने किया। समारोह के अंत में टूल रूम के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में टूल रूम के फैकल्टीज पूर्णेन्दु पंकज, नम्रता कुमारी के साथ अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।




## भाजपा नेता ने किया निर्माणाधीन अंडरपास का निरीक्षण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह नागरिक सुविधा सलाहकार सदस्य प्रभुदयाल बड़ाइक ने गुरुवार को नामकुम के मुंडागढ़ा क्षेत्र में निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया। यह अंडरपास रेलवे द्वारा नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया जा रहा है। इस दौरान बड़ाईक ने कहा कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के प्रयासों और जनता की मांग पर यह अंडरपास बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अंडरपास सामलोंग, नामकुम, मुंडागढ़ा और केतारी बगान के लोगों के लिए लाभकारी होगा। खासतौर पर छठ और कार्तिक पूर्णिमा जैसे महत्वपूर्ण पर्वों के दौरान लोगों को रेलवे लाइन पार करने की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंडरपास के निर्माण से स्थानीय निवासियों की सुविधा में वृद्धि होगी और रेलवे लाइन के पार आवागमन करना सुरक्षित व आसान हो जाएगा। कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे समय पर पूरा करने का निर्देश भी दिया।

## नगड़ी के विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक खेल का शुभारंभ




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कतरपा स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक सुरेश साहू के अलावा प्रधानाध्यापक विद्यारानी विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश साहू द्वारा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक निदेशक सुरेश साहू ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल जीतने के लिए नहीं है, बल्कि चरित्र अनुशासन और एकता का निर्माण करने के लिए है। खेल को अपनाकर हम निजी जीवन को सफल बनाएं। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। मौके पर स्कूल इंचार्ज समीर एक्का, मोना शालिनी तिर्की, एनसीसी एनओ बाबूलाल कुमार, नीलम, अनुपम, सानिया, शोभा, राजेश, नम्रता, मोहन, अविनाश, अभिजीत, आशा, रूपा, पूजा, आरती आदि उपस्थित थे।

# नगड़ी में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के एडचोरो रेलवे फाटक के पास सासाराम एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान रातू थाना क्षेत्र के बाजपुर गांव निवासी अरुण गोप (20) के रूप में हुई। हादसा गुरुवार की सुबह 11.30 बजे घटित हुई। पता चला है कि सासाराम पैसेंजर ट्रेन सासाराम से रांची आ रही थी। तभी युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन के धक्के से उसका शव ट्रेन में फंसकर घसीटता हुआ तीन किलोमीटर दूर पिस्का स्टेशन तक पहुंच गया। वहां जीआरपी ने शव को ट्रेन से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भिजवा दिया।

## सीआइटी में यौन उत्पीड़न निवारण सप्ताह का समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआइटी में चल रहे कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण सप्ताह का समापन हो गया है। इस मौके पर संस्थान की सेक्सुअल हरासमेंट प्रेवेंशन सेल की नॉडल ऑफिसर डॉ शालिनी सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बने कानून पोश एक्ट 2013 की विस्तृत जानकारी साझा की और इसके अक्षरशः अनुपालन की बात कही। वहीं, वीमेन सेल की अध्यक्ष डॉ पल्लवी सिंह ने कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेवारी है। कार्यक्रम को संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो अरशद उस्मानी ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व सप्ताहव्यापी कार्यक्रम में यौन उत्पीड़न की रोकथाम और जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, डिबेट आदि का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मौके पर संस्थान के विद्यार्थी, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## पिठोरिया के बाढ़ू-नवाटोली में सिंगबोंगा जतरा का आयोजन

# किसानों के चेहरे पर झलक रही है धान की अच्छी पैदावार की खुशी: विधायक सुरेश बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** बाढ़ू-नवाटोली में गुरुवार को सिंगबोंगा जतरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, सेमरटोली, बरवाटोली, बेड़ो, सिरांगो, चेड़ी मनातू सहित कई गांव के खोड़हा मंडली पारंपरिक परिधान में सामुहिक नृत्य करते जतरा स्थल पहुंचे। जहां बाढ़ू मौजा के पाहन जगदीश पाहन द्वारा सिंगबोंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि किसानों के चेहरे पर धान की अच्छी पैदावार की खुशी साफ छलक रही है। इस पल की खुशी में आदिवासी समाज द्वारा अपने इष्टदेव सिंगबोंगा और डाईर जतरा की पूजा की परंपरा को संपन्न किया गया। साथ ही आदिवासी किसान भाई-बहन अपनी फसल को घर में सुरक्षित रखने के बाद जतरा के बहाने एक साथ मिलते जुलते हैं। वहीं मुख्य संरक्षक टीएसी के पूर्व सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के लिए सरकार की ओर से बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, कोकदोरो, मदनपुर, सुतियांबे और पिठोरिया के सैकड़ों किसानों की कृषि योग्य रैयती जमीन जबरन अधिग्रहण किया गया था, जिसे संघर्ष कर जल, जंगल, जमीन पर मालिकाना हक दिलाया गया। सरकार हमें अपनी जमीन से बेदखल नहीं करे और सभी रैयतों का जमाबंदी खोलकर मालगुजारी रसीद जारी करें। इस मौके पर संरक्षक अशोक उरांव, अध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, महेन्द्र पीटर तिग्गा, जमील अख्तर, बबुआ मुंडा, बोड़ेया सरपंच अमर तिर्की, बिनोद सांगा व डॉ बिनोद उरांव ने भी संबोधित किया। स्थानीय कलाकार इग्नेश कुमार, ज्योति साहू, सावित्री मुंडा आदि ने रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मेले में हजारों लोगों ने गीत संगीत का भरपूर आनंद लिया। वहीं, जतरा को सफल बनाने में अध्यक्ष योगेन्द्र उरावं, अशोक उरांव, मनीष उरांव, सुलेन्द्र लिंडा, शिवशंकर उरांव, बिरेन्द्र मुंडा, पुनिता कुजूर, शिबू भोक्ता, महमूद आलम, सालीक लोहार, महेश गाड़ी, जगेश्वर महली, संजय तिर्की, अनु उरांव, शिवा उरांव आदि की सक्रिय भूमिका रही।



## लड़की भगाने आरोप में युवक गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र की नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भागने के आरोप में चान्हो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 55/24 भादवि की धारा दर्ज कर साहिबगंज जिले के जिरुआ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बड़ामदन शाही बड़ी से आरोपित विक्रम महली (23) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## रातू : सड़क हादसे में युवक घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलांगी एनएच 75 में सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान बिजुपाड़ा के बढ़या गांव निवासी सरोज लोहरा के 30 वर्षीय पुत्र जितेंद्र लोहरा के रूप में हुई है। वह अपनी बाइक से अपने दोस्त के साथ रातू से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच बेलांगी के पास बाईक से अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक समेत गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पीसीआर की टीम ने उसे रातू सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद युवक को रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घटना गुरुवार की दोपहर दो बजे की बताई जा रही है।

## रातू में 33 हजार केवी के 22 पोल के तार चोरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुरगु से काटू लहना तक के 22 पोल में लगे 33 हजार केवी के तार को चोरो ने चोरी कर ली गई। यह तार हटिया ग्रिट से ब्राह्मबे फीडर को जोड़ती है। पर कुछ वर्ष से इस फीडर को बंद कर दिया गया था। मांडर के कनीय अभियंता आशीष मुंडा ने निरीक्षण के क्रम में पाया कि रातू थाना क्षेत्र के काटू से मुरगु तक लगभग 22 पोल की 33 हजार केवी के तार गायब है। इसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 24 हजार रुपये बताई जा रही है। मामले को लेकर मांडर फीडर के कनीय अभियंता आशीष मुंडा ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

